हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 रोड किनारे वाहन खड़े करने पर होगी ...



14 महाष्टमी पर मंदिरों और पंडालों में हवन-...













## नवरात्रि विशेष

### नवमी: सिद्धिदात्री



नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने 30 तक मिली मोहलत, पालिका ने सरचार्ज दी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

- नवापारा पालिका द्वारा 5 .28 करोड़ राजस्व कर की वसूली
- संपत्ति कर जमा करने की समय सीमा बढ़ी

राज्य शासन से छत्तीसगढ़ के संपत्ति स्वामी के लिए एक बड़ी राहत वाला फैसला किया है। जिसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स अब 31 मार्च के बजाय 30 अप्रैल तक बिना किसी पेनाल्टी के जमा किए जा सकेंगे। बता दें कि नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र में मकान एवं दुकान के लिए प्रतिवर्ष पालिका द्वारा संपत्ति कर लेने का प्रावधान है। जिसके लिए अंतिम तारीख 31 मार्च निर्धारित थी। राज्य शासन ने माह फरवरी एवं मार्च में निकाय चुनाव में पालिका के कर्मचारी चुनावी कार्य में लग जाने के कारण संपत्ति कर की लक्ष्य प्राप्ति न होने का हवाला देते हुए लोगों को राहत दी है। संपत्ति ⏭ शेष पेज 12 पर



### गत वर्ष की तुलना में 152% से अधिक की राजस्व वसूली

नवापारा नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 राजस्व वसूली नया कीर्तिमान बनाया है। गत वित्तीय वर्ष में कुल राजस्व वसूली 2.99 करोड़ की हुआ था। जिसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में 160 प्रतिशत अधिक बढ़ाकर 4.80 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया। 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 4.57 करोड़ राजस्व की वसूली की जा चुकी है। जो कुल वसूली का 95.31 प्रतिशत है। नवापारा नगर पालिका द्वारा विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में 1.58 करोड़ की अधिक वसूली की गई है। पालिका द्वारा संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर, दुकानों का किराया, यूजर चार्जेस एवं अन्य विधिक कर में कुल वसूली विगत वर्ष की तुलना में 152% अधिक की जा चुकी है। जो नवापारा नगर पालिका का कीर्तिमान है।

# महामाया दुर्गाष्टमी हवन में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम के सुप्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन डालने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महाअष्टमी की पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। हवन में सांखला डालने श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में पहुंचती रही। देवी मां के भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हवन कुण्ड में सांखला डालकर पूर्णाहुति ⏭ शेष पेज 12 पर




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय नामायण सत्संग कार्यक्रम आज से

**अभनपुर।** सतनाम प्रचारक नवयुवक समिति एवं समस्त सतनामी समाज ग्राम नवागांव(क) के तत्वाधान मे त्रि दिवसीय नमायण सत्संग समारोह का आयोजन 6 से 9 अप्रैल तक रखा गया है। टानिक कुर्रे ने जानकारी देते बताया कि समारोह शुभारंभ से लेकर समापन मे विधानसभा क्षेत्र के विधायक,पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि सहित सामाजिक पदाधिकारी शामिल होगे वही समापन अवसर पर कक्ष 10वी एवं 12वी के मेधावी छात्र छात्राओ का सम्मान किया जायेगा।

### श्रीरामजी की शोभायात्रा खोरपा में आज निकलेगी

**अभनपुर।** श्री राम सेवा संगठन परिवार के तत्वावधान में ग्राम खोरपा में रामनवमी के अवसर पर 6 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के नेहाल देवांगन,दुष्यंत पटेल सुभाष ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ बाजार चौक स्थित राम मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात किया जाएगा।इस शोभायात्रा में गौरी कृपा धूमाल की प्रस्तुति, बच्चों द्वारा राम दरबार की झांकी, अघोरी नृत्य समेत अन्य आकर्षक प्रदर्शनी शामिल रहेंगी। आयोजन को भव्य बनाने के लिए समिति द्वारा विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं। स्थानीय नागरिकों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धार्मिक उत्सव को सफल बनाने की अपील की गई है।

### उलटपारा गोंदलाबहरा में श्रीराम कथा आज

**फिंगेश्वर।** उलटपारा गोंदलाबहरा में श्रीराम नवमी के अवसर पर दुलार निषाद एवं उनके पूरे परिवार के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संगीतमय मानस गान का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी व्यापक रूप से की जा रही है।कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम जानकी की पूजा अर्चना के साथ भव्य जल कलश यात्र के पश्चात बाहर से आने वाले रामायण मंडलियों के द्वारा संगीतमय मानस की प्रस्तुति प्रस्तुति देंगे।प्रमुख मंडलियों में श्री राधाकृष्ण मानस परिवार, श्री त्रिलोक मानस परिवार, प्रज्ञा मानस परिवार के अलावा और भी मंडलियों की सुरमई प्रस्तुति होगा। उक्त जानकारी दुलार सिंह निषाद शिक्षक ने बताया यह आयोजन विगत कई वर्षों से की जा रही हैं जिसे देखने सुनने के लिए काफी संख्या में भक्त जन आते हैं सभी के लिए कौशल्या भंडारे में भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर नव निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं पंच गणो का स्वागत सम्मान किया जावेगा।

### मैनपुर में रामनवमीं पर शोभायात्रा आज

**मैनपुर।** 6 अप्रैल को श्रीराम नवमीं के अवसर पर मैनपुर में विशाल शोभायात्रा निकालकर अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए श्रीरामसेना हिन्दु संगठन मैनपुर द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। पूरे मैनपुर नगर को भगवा ध्वज व तोरण पताको से सजाया जा रहा है। नगर के मुख्य मार्ग सहित श्रीरामजानकी मंदिर हरदीभाठा से लेकर मैनपुर तक चारो तरफ सिर्फ भगवा ध्वज ही नजर आ रहा है तो श्री राम सेना के सदस्य लगातार श्रीराम जन्मोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। हर वर्श की भांति मैनपुर मे इस वर्श भी राम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ श्रीराम सेना हिन्दुसंगठन व क्षेत्रवासियों द्वारा मनाया जायेगा। बस स्टैण्ड में दुर्गा वाहिनी द्वारा महा भंडारा का आयोजन किया गया है। बस स्टैण्ड स्थित हनुमान के मंदिर, शिव मंदिर एवं हरदीभाठा श्री रामजानकी मंदिर की विशेष सजावट किया गया है जहां रामनवमी पर विशेष पूजा अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा।

## निधन

### रंजना मानस

**राजिम।** राजिम निवासी वरिष्ठ



व्याख्याता रंजना मानस का शनिवार 5 अप्रैल को निधन हो गया। वे चंपारण पुलिस चौंकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक पवन मानस की पत्नी थीं। श्रीमती मानस का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम तारालीम (बेरला, बेमेतरा) में किया गया।

---

**बैठक :** भाजपा स्थापना दिवस और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक हुई

# बाबा साहब के विचार समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद की संगठनात्मक बैठक 4 अप्रैल को जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती के अवसर पर मंडल और बूथ स्तर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी है।

इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में एपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि स्थापना दिवस के मौके पर सभी मंडलों और बूथों पर कार्यकर्ता ध्वजारोहण करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करें। स्थापना दिवस को सेवा और संकल्प के रूप में मनाते हुए गरीबों को भोजन वितरण, स्वास्थ्य शिविर और स्वच्छता अभियान जैसे विशेष कार्यक्रम चलाए जाए। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता को बाबा साहब के विचारों का प्रचार-प्रसार करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संगोष्ठियों और प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने किया। प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, अनूप भोसले, मिलेश्वरी साहू, हलमान ध्रुवा, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जितेंद्र सोनकर, चंद्रशेखर साहू, गुरुनारायण तिवारी, कमल सिन्हा, मनीष हरित, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, रिकेश साहू, खोमन चंद्राकर, गोपी ध्रुव, भोजराम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।।



### कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने जो सपना देखा था, भाजपा उसकी सिद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद के भाव के साथ सबका साथ सबका विकास के संकल्पों को पूरा करने अपने स्थापना काल से ही प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है जो जनसेवा की एक अनवरत यात्रा है। कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है।

### भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गौरव

जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गौरव का अवसर है। 6 अप्रैल को जिले के सभी मंडलों और बूथों पर ध्वजारोहण करें। इस दौरान बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों की तैयारी समयबद्ध ढंग से पूरी करें और अधिक से अधिक आमजन को जोड़ें।

---

# दस वर्षों से अधूरा बिजली सब स्टेशन हुआ चकाचक



हरिभूमि न्यूज : मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में बिजली विभाग सब स्टेशन का स्थापना सन 1995 में किया गया लेकिन यहां सब स्टेशन मे कार्यरत कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर दिन रात ड्युटी करना पड़ता है। एक कमरे के सब स्टेशन मे न दरवाजा है और न खिड़की न शौचालय इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसके बाद बिजली विभाग के गरियाबंद कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी ने मामले को गंभीरता से लिया और स्वयं निरीक्षण करने पहुंचे तथा यहां पदस्थ कर्मचारियों ने उन्हे बताया कि सब स्टेशन के आफिस मे दरवाजे खिड़की नहीं है शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है भवन के चारो ओर खेत खलिहान नदी नाले से घिरे होने के कारण हमेशा सर्प बिच्छु घुस जाते है और यहां कार्यरत कर्मचारियों का जान जोखिम मे बना रहता है इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालन अभियंता श्री तिवारी ने मैनपुर सब स्टेशन मे जहां एक ओर खिड़की दरवाजे और जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया वहीं शौचालय का भी निर्माण करवाकर यहां कार्यरत कर्मचारियों को सुविधा उपलब्ध करायी गई। अब सब स्टेशन भवन का आफिस दस वर्षों बाद चकाचक हो गया है जिससे यहां तैनात कर्मचारियों को सुविधा मिलने लगी है जिसके कारण यहां तैनात कर्मचारियों ने हरिभूमि के साथ ही कार्यपालन अभियंता गरियाबंद अतुल तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

---

# गनियारी, कनेसर व पीपरछेड़ी बांध को हमने पूरा किया : साहू

**राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने राजिम मुख्यालय में पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया गया है उसके लिए मैं हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुशासन प्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट करता हूं। पार्टी जिस अपेक्षा के साथ मुझे जिम्मेदारी सौंपी हैं उसमें मैं पूरा-पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपना काम करूंगा। छत्तीसगढ़ राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष पद की गरिमा को बनाए रखुंगा। अधिकार क्षेत्र में रहकर सारे काम करूंगा। राजिम क्षेत्र के विधायक जब हम थे तब हमने प्रमुख रूप से चार महत्वपूर्ण बांध जो सिर्फ परिवहन के बहाने से लटका हुआ था। चाहे वह गनियारी बांध हो,



कनेसर बांध, पीपरछेड़ी बांध को हमने पूरा किया। गरियाबंद, छुरा और फिंगेश्वर को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनाया। गरियाबंद नगर पंचायत से नगर पालिका बना और जिला भी बन गया। गरियाबंद जिला बनने से लोगों को सुविधा मिली। इसके साथ-साथ छुरा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण मांग महाविद्यालय का था। सन 2003 में विधायक बना और 2004 में तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को आमंत्रित कर घोषणा के लिए अनुरोध किया। विधायक और सांसद रहते हुए हमने खूब विकास किया।

# भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा आज निकलेगी

**राजिम।** श्री रामनवमी के पावन पर्व पर राजिम में भव्य शोभायात्रा का आयोजन बजरंग अखाड़ा और नगरवासियों के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। इस आयोजन के लिए हिंदू वीरों में जबर्दस्त उत्साह का वातावरण है। शोभा यात्रा का आयोजन हर वर्ष जोरदार तरीके से राजिम में किया जाता है इस बार इसकी भव्यता और भी देखने को मिल रही है।



समूचे नगर को भगवा ध्वज तोरण पताके से सजाया गया है। प्रमुख जगहों और बस स्टैंड पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में सभी रास्ते पर स्वागत द्वार बनाया गया है। भगवान श्री राम की शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। आज रविवार दोपहर 3 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर से भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकलेगी जिसमें अखाड़ा, विभिन्न मंडली अनेको झांकी सहित अन्य करतब दिखाने वाले कलाकार शामिल होंगे। इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से विधायक रोहित साहू, भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव बजरंग अखाड़ा के सदस्य रामकुमार साहू लीलेश्वर यदु,रितेश यादव, साधु निषाद देवेंद्र शर्मा अनिल दुबे मनीष दुबे अनुजय सिंह ठाकुर आकाश राजपूत हिमांशु यादव सोनू साहू यश साहू सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

# तेजेश को संकुल समन्वयकों और शिक्षकों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद





गरियाबंद विकासखंड स्रोत समन्वयक तेजेश शर्मा 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवा निवृत होने के बाद शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयकों और शिक्षकों ने शॉल श्रीफल से उनका सम्मान किया।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एसके सारस्वत कहा कि तेजेश शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान जिस समर्पण, निष्ठा और नेतृत्व का परिचय दिया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने न केवल अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया, बल्कि शिक्षकों के प्रशिक्षण, छात्रों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

डीएमसी नायक ने कहा कि उनकी कार्यशैली में अनुशासन और सौहार्द्र का अद्भुत संतुलन था। चाहे कोई भी समस्या रही हो, तेजेश शर्मा जी ने उसे धैर्यपूर्वक सुना और समाधान के लिए सदैव तत्पर रहे। उनकी नेतृत्व क्षमता ने विकासखंड में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव ने कहा कि हम सब तेजेश शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हमें विश्वास है कि आप जहाँ भी रहेंगे, अपने कार्यों से वहां भी नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस दौरान विदाई कार्यक्रम में एडीपीओ बुद्धविलास, मनोज केला, लखन लाल साहू, नंद कुमार वर्मा, केशोराम साहू, एपीसी विल्सन थॉमस, योगेश पटेल, भूपेंद्र सोनी, संकुल समन्वयक अनूप महादिक, ललित ध्रुव, लोकेश सोनवानी, नितिन बखारिया, प्रशांत डबली, गोलू यादव, श्रवण ठाकुर उपस्थित थे।

# रोशन साहू ने डॉ. रमन सिंह व अरुण साव से की मुलाकात

**कोपरा।** चैत्र नवरात्र के महापर्व पर सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मुलाकात कर गरियाबंद जिले के समस्याओं को अवगत कराते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। साथ ही मुरमुरा मे कॉलेज खोलना, झरझरा मंदिर तक पक्की सड़क बनाना और सहसपुर कसेरुडीह नदी पर पुल बनाना जैसे कई समस्याओं को अवगत कराया इस दौरान पोषण सिन्हा व टुकेश्वर सिन्हा अनिल साहू, उपस्थित रहे।



# मॉडल से कठिन अवधारणाओं को आसानी से समझ सकते हैः प्राचार्य





हरभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के भूगोल विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष श्रीमती ममता देवांगन एवं अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहन सिंह के निर्देशन में किया गया।

> ■ फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय में मॉडल प्रदर्शनी आयोजित हुई

महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती श्वेता मिश्रा ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मॉडल के माध्यम से कठिन से कठिन अवधारणाओं को आसानी से समझाा जा सकता है। मॉडल प्रदर्शनी का मुख्य विषय भौगोलिक घटनाएं तथा उनका



जीवन में अनुप्रोग था। प्रदर्शनी में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के भूगोल के छात्र-छात्राओं ने सक्रियता पूर्वक भाग लिया। गौरतलब है कि भूगोल एक महत्वपूर्ण विशय है जिसमें पृथ्वी के समस्त जैविक व अजैविक घटनाओं का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। पृथ्वी के देशांतर, अक्षांश रेखाएं आदि जटिल अवधारणाएं जो कि काल्पनिक है और इन्हें कक्षा में स्पष्ट कराना दुष्कर कार्य है अतः ऐसे जटिल तथ्यों को मॉडल की सहायता से सरलता से समझा जा सकता है। यह प्रदर्शनी एक प्रतियोगिता के रुप में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने मॉडल का प्रदर्शन विस्तृत क्रियाविधि के साथ किया।

### *छात्र-छात्राओं ने जीवंत मॉडल की प्रस्तुत दी*

*प्रदर्शनी में लगभग 40 छात्र–छात्राओं ने व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से भाग लिया। सौरमंडल, ज्वालामुखी उदगार, पृथ्वी के विभिन्न परते, वायुमंडल के परतें, मृदा के परत, मौसम परिवर्तन, दिन-रात होना, ऊर्जा के विभिन्न स्त्रेत, प्रदूषण पवन ऊर्जा, जल-विद्युत उत्पादन प्रक्रिया आदि का जीवंत मॉडल छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। निर्णायक प्रतिनिधियों ने बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मोना की समूह द्वारा प्रदर्शित जलविद्युत उत्पादन को प्रथम, रमा ध्रुव के ज्वालामुखी विस्फोट के मॉडल को द्वितीय व एमए की छात्र कुंती व मोनिका द्वारा प्रस्तुत किए गए। मॉडल सौरमंडल को तृतीय स्थान घोषित किया गया। प्रदर्शनी के अवलोकन में स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओ तथा प्राध्यापकों ने प्रस्तुतकर्ताओं से विभिन्न सवाल पूछे जिनका जवाब प्राप्त किया।*

# चंदूलाल छत्तीसगढ़ की राजनीति में अजेय योद्धा



**राजिम।** महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने गुरुवार सुबह श्री साहू के राजिम स्थित निवास पहुंचकर श्री साहू को उनकी नियुक्ति पर बुके भेंटकर बधाई देते हुए उनसे आशीर्वाद लिया। श्री साहू ने भी किशोर को पुत्रवत आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। देवांगन ने बताया कि चंदूलाल छत्तीसगढ़ की राजनीति में अजेय योद्धा हैं। अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में उन्होंने दिग्गज अमितेश शुक्ल को पराजित कर हर किसी को हैरान करते हुए राजिम विधानसभा में कमल खिलाया था। इसके बाद अपने पहले सांसद चुनाव में साहू समाज के तात्कालीन प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साहू को, तो दूसरे चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी को पराजित कर अपने राजनीतिक कौशल का परिचय दिया।

## पेज 11 का शेष

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा...

कर जमा करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी है। नवापारा नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 71 लाख 59 हजार संपत्ति कर का लक्ष्य था। जिसमें 63 लाख 91 रुपए का संपत्ति कर प्राप्त हुई है। जो कुल संपत्तिकर का 89.27 प्रतिशत है। वही नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राजस्व वसूली का लक्ष्य 5.96 करोड़ था। जिसमें 5.28 करोड़ वसूली हुई है। जो कुल लक्ष्य का 88.58% है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि माह फरवरी एवं मार्च में नगर के विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर टैक्स की राशि जमा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया था। अभी वर्तमान में पालिका कर्मचारी टैक्स कलेक्शन में लगे हुए है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने नगर वासियों से अपील की है कि 30 अप्रैल के पूर्व संपत्ति कर का भुगतान करे। 30 अप्रैल तक संपत्ति कर पर भुगतान करने पर सरचार्ज नहीं लगेगा।

### महामाया दुर्गाष्टमी...

दी। पं. विजय शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के पूजारी बलदाउ ठाकुर के अलावा हवन डालने मां महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, संरक्षक नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, धर्मेंद्र शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, फागुराम निषाद, बाल्मीकी धीवर, राजू साहू, रामनारायण साहू, भवानी शंकर साहू, पवन सोनी, अशोक शर्मा, गोवर्धन सोनी, रामकुमार साहू, रिकेश साहू, साधु निषाद, लखन महोबिया, भोले साहू, अरविंद यदु, जीतू सोनी, राकेश ,रमेश साहू, भवानीशंकर साहू, संजय सोनी,उत्सव महोबिया,चंद्रभान सिंह ठाकुर शामिल थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सख्ती : बाजार के दिन मालवाहक ट्रक व बस की रहेगी नो एंट्री

# रोड किनारे वाहन खड़े करने पर होगी चालान की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

बाजार के दिन यातायात दुरुस्त करने गरियाबंद पुलिस कप्तान निखिल आलोक राखेचा के निर्देश पर शनिवार को थाना परिसर में तहसीलदार रमेश मेहता, छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, यातायात प्रभारी रामाधर मरकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, विधायक प्रतिनिधि मानसिंग निषाद के उपस्थिति में बैठक रखा गया। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी बंधु सहित फुटकर व्यापारी उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा नगर में हर साप्ताह लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन अव्यवस्थित बाजार व यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच चर्चा कर राय मशवरा किया गया। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित अधिकारियों को बताया की शनिवार साप्ताहिक बाजार के दिन सदर रोड, राजिम रोड, रवेली रोड पर दुपहिया वाहनों को बेतरतिब खड़ी कर देते हैं जिसके कारण यातायात प्रभावित होता है जिस कारण लोगों को असुविधा का सामना पड़ता है। उन असुविधा से लोगों को बचाने के लिये इन मार्गों पर गाड़ी खड़ा न हो इसके लिए बाजार मार्केटिंग सुसायटी परिसर, उन्मुक्त खेल मैदान व शिव चौक के आसपास पार्किंग बनाने की बात पर जोर दिया गया साथ ही इन मार्ग पर बाजार के दिन कार मोटर सायकल के आवागमन पर दोपहर 3 बजे से शाम सात बजे तक पर रोक लगाने की बात कही।



## व्यापारी आपने वाहन को तय स्थान पर रखें

इन मार्गों पर बाजार के दिन मालवाहक ट्रक व बस के आवागमन पर पूर्णता बंद रखने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद तहसीलदार, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी, नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा सभी मार्गो के साथ बाजार में पैदल जाकर सभी व्यापारी बंधु व बाजार मे पसरा लगाने आये व्यापारियों को अपनी छोटी बड़ी वाहन को बाजार से लगे मार्केटिंग सोसायटी में पार्किंग करने कहा गया साथ ही सदर रोड, रवेली रोड बस स्टैंड रोड के व्यापारियो को अपनी दुकान नाली के बाहर नहीं लगाने कहा गया। अपने दुकान के आगे दुपहिया वाहन नहीं खड़ी करने का निर्देश दिया गया।

## नियमों का उल्लंघन पर होगी कार्यवाही : तहसीलदार

तहसीलदार रमेश मेहता ने साफ शब्दों में कहा की आज सिर्फ समझाइस दी जा रही है अगले सप्ताह बाजार के दिन अगर नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही करने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने कहा की शराब के नशे में वाहन न चलाएं साथ कम उम्र के बच्चों को दुपहिया वाहन नहीं चलाने की चेतावनी दी। उन्होने नगर के अंदर तेज रफ्तार दुपहिया चार पहिया वाहन चलाने वालों के साथ नाबालिक वाहन चालकों पर कानूनी कार्यवाही करने की बात कही है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, पार्षद सलीम मेमन, रमेश शर्मा, पार्षद पंचराम टंडन, पार्षद रामसिंग दिवान, पार्षद देवसिंग नेताम, इस्माइल मेमन, सरवर खान, अनीश सोलंकी, कुलेश्वर सिन्हा, यामिनी चंद्राकर, उज्ज्वल जैन, भूपेंद्र सिन्हा, शीतल ध्रुव, सहित बड़ी संख्या मे नगर के लोग उपस्थित थे।

# रबी फसल धान के पौधों में निकलने लगीं बालियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला



क्षेत्र में रबी धान के पौधों में बालियां निकलने लगी है। इस समय फसलों की देखरेख और निगरानी किसान अच्छी तरह से कर रहे हैं। फसलों में कीट प्रकोप होने से अंचल के किसान चिंतित भी है। उल्लेखनीय है कि सेमरा और टेगनाबासा में लगे सड़क किनारे रबी फसल में धान की बोआई की गई है। जो धान की बालियां निकल रही है। इस वर्ष टेगनाबासा वालों को छत्तरपुर बांध से धान की फसल के लिए पानी दिया जा रहा है। वहीं कई किसान स्वयं के सिंचाई साधन से मोटर पंप के माध्यम से धान की फसल बोई गई है।

यदि यही स्थिति रही तो मई के पहले सप्ताह में धान की कटाई शुरू हो जाएगी। रबी फसल में जल्दी पकने वाली धान की प्रजाति के धान बोए है। किसानों का कहना है कि धान की कटाई हार्वेस्टर मशीन से करते हैं। इससे कम समय में कटाई से लेकर मिजाई का काम पूरा हो जाता है। इन दिनों मौसम में लगातार उतार चढाव का दौर जारी है। कीट प्रकोप होने से किसान नियंत्रण के लिए लगातार दवा का छिड़काव कर रहे हैं। किसान भागवत सिन्हा, मकरम ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, कृष्ण साहू, कार्तिक यादव, वेदव्यास निषाद, भानु कोमर्रा, परमेश्वर पटेल, सोहन मरकाम, पुरोहित यादव, टेसराम ठाकुर, थानेश्वर कंवर, ने बताया कि इस समय फसल में तनाछेदक दवा का छिड़काव कर रहे हैं। और कहा कि पानी की कमी के चलते अचानक उसमें पीलापन दिखने लगा है, पीलापन के कारण पौधा की बढ़त थम गई है। कमजोर पौधे गभोट की अवस्था में पहुंच गए हैं जिससे चिंता और बढ़ने लगी है। वर्तमान में हरूना किस्म अर्ली वैरायटी धान की फसल में बालियां निकल रही है। किसानों के अनुसार 20 -25 दिन बाद सभी किस्मों में बालियां निकलना शुरू हो जाएगी। इस बार रबी फसल तहत क्षेत्र में अधिकांश गांवों में किसानों ने धान की फसल लगाए हैं। अगर मौसम साफ रहता है तो किसानों को उम्मीद है कि इस वर्ष भी अच्छा उत्पादन होगा।

# चंदूलाल से जिला साहू संघ ने मुलाकात की



**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष बनाए जाने पूर्व सांसद चंदू लाल साहू को गरियाबंद जिला साहू संघ द्वारा शाल, श्री फल भेंटकर फूल माला पहनाकर सम्मान कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गरियाबंद जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू, जिला साहू संघ धमतरी अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री वीरेंद्र साहू, गरियाबंद जिला साहू संघ घनश्याम साहू, जिला प्रभारी अंजोर साहू, मोहन साहू उपस्थित थे।

# कलेक्टर को इंद्रजीत ने क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

छुईहा बेलर। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के सदस्य इंद्रजीत महाडिक निर्वाचित होने के बाद से क्षेत्र में सक्रिय है। क्षेत्र में दौरा करने और आम जनो से मिल कर चर्चा कर रहे हैं। विगत दिनों क्षेत्र के देवगांव, चरभट्ठी, तरीघाट, इत्यादि ग्रामों का सघन दौरा किया गया। इस दौरान लोगों ने ग्राम की सार्वजनिक समस्या से अवगत कराया जिसमें गर्मी के दिनों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था का संचालन पर है। क्षेत्र में मिले समस्या का समाधान और क्षेत्र के विकास पर बुधवार को गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मिलकर चर्च की। इंन्द्रजीत ने बताया कि कलेक्टर ने क्षेत्र की समस्या को ध्यान सुना है और समाधान के लिए हर प्रयास का आश्वासन दिया है। वहीं इंन्द्रजीत ने पैरी नदी में नवागांव एनीकेट पर चर्चा होने बात बताई। कलेक्टर को बताया गया कि करोड़ों रुपया खर्च कर इन्हें बनाया तो गया है लेकिन इसमें पानी नहीं है। आने वाले अप्रैल, मई, जून महीना भीषण गर्मी से आम जनता को पानी की कमी से पेयजल एवं निस्तारी करने की समस्या होगी। इसके समाधान पर विचार करें।




# चंदूलाल का नपं राजिम के पार्षदों ने किया स्वागत



**राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंदूलाल साहू को बधाई देने नगर पंचायत राजिम के सभापति कुलेश्वर साहू, मंशाराम कुर्रे, उत्तम निषाद, सुरेश पटेल, अजय पटेल, गुलाब राव उनके निवास गए और बुके भेंटकर व माला पहनाकर स्वागत किया।

## खंडवा में सरपंच सुशीला ने सफाई अभियान चलाया

**अभनपुर।** ग्राम खंडवा में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमति सुशीला जगदीश भारती के नेतृत्व मे ग्राम खंडवा में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अभियान में ग्रामीणो ने अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए गांव के अटल चौक,पटेल पारा,अंबेडकर चौक,बाजार चौक सहित विभिन्न स्थानो पर साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया। इस अवसर पर ग्रामीणो ने गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर उपसरपंच गजेन्द्र वर्मा, जगत सोनवानी,बलराम पटेल,नवीन पुरेना, संतोष जोशी,गीता ध्रुव,उमा यादव,सबीना आडिल,रानी बंदे, गिरधारी साहू,सोहद्र साहू,सबिता साहू,बासुन साहू, कमलेश्वरी साहू,रोशनी साहू,हरिलाल पटेल व ग्रामवासी मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**

## सरकार पंचायत सचिवों के साथ छल कर रही : नेताम



**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने पंचायत सचिवों के मांगों का समर्थन किया है शासकीयकरण की मांग पर हड़ताल पर डटे पंचायत सचिवों को समर्थन देने धरना स्थल में पहुंची जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा की भाजपा चुनाव से पहले मोदी की गारंटी का वायदा कर सत्ता में आयी है पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग को तत्काल पूरा किया जाए। उन्होने कहा की ग्राम पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से नवनिर्वाचित सरपंचों ने अब तक पदभार ग्रहण नहीं किया है गर्मी के दिनों में गांव में पेयजल के साथ निस्तारी जल की समस्या बढ़ गई है तेजी से जल स्तर गिर रहा है और पंचायत सचिवो के हड़ताल में चले जाने से सरपंच व पंचायत प्रतिनिधि चाहकर भी विकास कार्य नहीं कर पा रहे है। श्रीमति नेताम ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्या को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को चाहिए कि सचिवों की मांग को तत्काल पूरा किया जाए।

## नवापारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**नवापारा-राजिम।** नवापारा में 6 अप्रैल को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सदर रोड के न्यू होप एकेडमी स्कूल में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर सहित 12 विभिन्न शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। जो शिशु रोग से सम्बधित सभी प्रकार की जांच एवं इलाज करेंगें। शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. प्राची भट्टर भी आ रही हैं। डॉ. विनोद सिंग भी अपने सहयोगी डॉक्टरों के साथ लेप्रोस्कोपिक, न्यूरोलॉजिस्ट, कैंसर, रोग के सर्जन व विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। महिलाओं के लिए विशेषकर स्त्री रोग चिकित्सक डॉ.नीरज पहलाजानी ,नाड़ी वैद्य डॉ. पारस चोपड़ा भी आ रहे है।

**मां की आराधना :** मंदिरों में भक्ति का अनुपम संगम, हवन से पवित्र हुआ वातावरण

# महाष्टमी पर मंदिरों और पंडालों में हवन-पूजन, भक्तों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद नगर पालिका और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को दुर्गा महाष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह के पहले प्रहर से ही मां दुर्गा के मंदिरों और दुर्गा पंडालों में हवन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर चलता रहा। इस अवसर पर माँ दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही, जहाँ भक्तों ने माँ के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। नगर के शिव दुर्गा मंदिर, काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों और ग्रामीण क्षेत्रों के पंडालों में भी पूजा-अर्चना और हवन के आयोजन ने धार्मिक उत्साह को चरम पर पहुँचा दिया। शनिवार की सुबह जैसे ही सूरज की पहली किरणें गरियाबंद पर पड़ीं, वैसे ही मां दुर्गा के भक्त मंदिरों की ओर चल पड़े। शिव दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। यहां अष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्रोच्चार और भजनों की मधुर ध्वनि से मंदिर परिसर गूंज उठा। हवन की पवित्र अग्नि से उठने वाला धुआं और उसकी सुगंध ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस दिन मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए भक्त विशेष रूप से यहां आते हैं और अपनी मनोकामनाए मां के समक्ष रखते हैं। नगर के शिव दुर्गा मंदिर में भी अष्टमी पूजा और हवन का भव्य आयोजन हुआ। यहां मां दुर्गा के स्वरूप की पूजा के साथ-साथ भक्तों ने हवन में आहुति दी और मां से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। अन्य छोटे-बड़े मंदिरों में भी सुबह से ही पूजा का दौर शुरू हो गया था।





### कन्या भोज और प्रसाद वितरण से बढ़ा उत्साह

महाष्टमी के इस पावन अवसर पर मां दुर्गा की पूजा के बाद कन्या भोज का आयोजन भी प्रमुख आकर्षण रहा। मंदिरों और पंडालों में छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की गई। उन्हें नए वस्त्र, उपहार और भोजन प्रदान किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कन्या भोज के दौरान माहौल भावुक और आनंदमय हो उठा, क्योंकि भक्तों का मानना है कि कन्याओं की सेवा से माँ दुर्गा प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। आशीष तिवारी ने कहा की गरियाबंद में दुर्गा महाष्टमी का यह पर्व हर साल एक नई ऊर्जा और भक्ति का संचार करता है। शिव दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ और हवन के दौरान मंत्रोच्चार का माहौल अद्भुत था।

# झरझरा माता मंदिर में कन्या भोज व हुआ भंडारा



**कोपरा।** चैत्र नवरात्रि में अष्टमी के दिन मां झरझरा माता मंदिर में हवन पूजन कर नौकन्या भोजन कराया गया व विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना - जाना लगा था। प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं का आना जाना लगा था और झरझरा माता मंदिर में आस्था के नाम से ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया था, कहा जाता है की झरझरा माता में आस्था के नाम पर ज्योत प्रज्ज्वलित करने से मनोकामना पूर्ण होते हैं, केवल श्रेत्र से ही लोग नहीं बल्कि देश विदेश से भी लोग दर्शन के लिए आते हैं, प्रतिदिन गांव से सेवा मंडली, रामधुनि दीदी बहनी भईया मन के द्वारा जस कर सेवा भाव से ढोल मंजीरा झांझ आदि से माता की सेवा करते हैं। भोग भंडारा में भी प्रतिदिन सेवा भाव से सेवा में लगे रहते है। इसमें मुख्य रूप से जय मां झरझरा विकास समिति के अध्यक्ष ढालू राम साहू युवा नेता अनिल कुमार साहू , सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू प्रथम पुजारी स्व. गैंद राम साहू ,जीवन साहू, गोवर्धन यादव ,भिखारी साहू, रामदयाल यादव, रूपेश साहू, अगेश साहू, वासुदेव ध्रुव, कुलेश्वर साहू, खेलावन,मोहन, नीरज, उपसरपंच कोमल साहू ,वेदप्रकाश , हरिश, शेखर, टोमन, राकेश, कीर्तन, चिंता, एनसिंग, दीनदयाल, पंचराम, फूलसिंह,युगल, कमलनारायण, होरीलाल, भोला राम, रोशन साहू, पंचू राम आदि उपस्थित थे।

## महाअष्टमी पर हवन



मैनपुर। शनिवार को नवरात्रि के महा अष्टमी पर मैनपुर क्षेत्र के सभी देवी- मंदिरों में सुबह से हवन पूजन का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। हवन पूजन में शामिल होने श्रद्धालु भक्तों की भीड उमड़ पड़ी। तहसील मुख्यालय मैनपुर वन विभाग स्थित दुर्गा मंदिर में हवन पूजन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि हवन पूजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने हवन पूजन मे पूर्णाहूति दी और मां से सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

## जेंजरा में विधि विधान से हुआ हवन पूजन

**कोपरा।** चैत्र नवरात्र के अष्टम जीवन पर धूमधाम से हवन पूजन किया गया। ग्राम जेंजरा के हेमू राम साहू के घर जोत जंवारा अष्टमी पूजा पूरे विधि विधान से किया गया। गांव के सुख समृद्धि व परिवार की उज्जवल भविष्य के लिए जंवारा पूजा अपने घर में किया। हवन पूजन के दौरान इंदल साहू, हेमू साहू, सदाराम साहू, चैतराम साहू, कोमल साहू, सस्टम साहू, लेखु साहू, रिखी साहू, मोती राम साहू, लालजी साहू उपस्थित थे।





## नगर में शांति के लिए हवन में नपा अध्यक्ष ने दी आहुतियां

**नवापारा-राजिम।** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर शनिवार को नगर के शीतला मंदिर में हवन पूजन हुआ। शीतला मंदिर में मौली माता भी विराजमान है। चैत्र नवरात्र के अष्टमी में मां शीतला एवं मौली माता का हवन पूजन में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू सहपरिवार शामिल हुई। नपा अध्यक्ष ने मां शीतला एवं मां मौली से नगर में सुख शांति की मनोकामना की। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा शक्ति की देवी है। चैत्र नवरात्र के नौ दिनों मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करने का सौभाग्य मिलता है। मां का आशीर्वाद एवं कृपा सब पर बना रहे। नगर के विकाश के लिए शक्ति एवं सामर्थ्य का आशीर्वाद मां शीतला एवं मौली माता से मांगा है। हवन पूजन के पश्चात नौ कन्या भोज करवाया गया। कन्या भोज पश्चात नवकन्या को उपहार देकर आशीर्वाद लिया गया। दुर्गा अष्टमी के हवन पूजा में शीतला माता सेवा समिति एवं मौली माता समिति के सभी सदस्य एवं नगर के श्रद्धालुओं ने हवन पूजन में शामिल होकर पूणार्हुति दी। अष्टमी हवन पूजन पंडित आलोक शर्मा ने संपन्न करवाई।





## काली मंदिर में हवन में शामिल होने उमड़े भक्त



**नवाारा-राजिम।** शहर के मां काली मंदिर में अष्टमी का हवन डालने देवी मां के भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। हवन-पूजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, चतुर जगत, डॉ. तेजेंद्र साहू सहित अनेक देवी मां के भक्त परिवार के साथ मौजूद थे। हवन के बाद माता की महा-आरती में बड़ी संख्या में देवी मां के उपासक शामिल हुए। मंदिर के आसपास श्रद्धालुजनों की भारी भीड़ नजर आई। मंदिर के चारों तरफ बिजली के झालरों से रोशनी की गई थी जो काफी आकर्षक नजर आ रहा था।काली मंदिर के अलावा शहर के सभी देवी मंदिरों और शक्ति पीठों में हवन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। हवन में आहुति डालने जनप्रतिनिधियों से लेकर महिलाएं, युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर मां काली मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार मंदिर समिति और पंडितों ने किया था। हवन के समय काली मंदिर सहित समूचे शहर में स्वाहा की गूंज हो रही थी। माता के भक्त श्रृंगार का सामान और चुनरी लिए पहुंच रहे थे। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, पवन यदु, डॉ. आशीष यदु, प्रकाश, डॉ. मोहन सोनकर, वर्मा पटवारी, किशोर साहू, दिलीप यादव, आयुष ठाकुर, पंचु पंडा, नंदु पंडा, मनोज यादव, शेखर ध्रुव पंडा, मन्नु तारक सहित देवी मां के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## बाल विवाह समाजिक बुराई के साथ कानूनन अपराध



**मैनपुर।** बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं, अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह करने वाले पुरोहित की भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात विवाह का स्वीकार नहीं करते हैं तो बालिग होने के पश्चात विवाह को शून्य घोषित करने के लिए आवेदन कर सकते है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलु हिंसा में भी वृद्धि होती है बाल विवाह से बच्चों का सवांर्गीण विकास प्रभावित होता है एवं बाल विवाह बालकों के सर्वोत्तम हित में नहीं है। शासन एवं समाज की सहभागिता में व्याप्त इस बुराई के पुर्णत उनमुलन के लिए जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा अपील किया गया है कि विवाह में अपनी सहभागीता देने से पहले बालिका एवं बालक की आयु संबंधित दस्तावेज जैसे अंकसूची दाखिल खारिज जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि से आयु की पुष्टि अवश्य करें। निर्धारित आयु पूर्ण होने पर ही विवाह कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जाना सुनिश्चित करेंगे। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला पुरुष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आयेगे। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रुपए का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। बाल विवाह होने की सूचना चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 या अनिल द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मोबाईल नम्बर 8839239688 में अनिवार्य रूप से देवे।




## डुमाघाट सरपंच यशवंत ने निभाया मानवता का धर्म



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत डूमाघाट के सरपंच ने शनिवार को मानवता का मिशाल पेश किया है। उन्हे जानकारी लगी की एक महिला बेहोश होकर गिर गई है तो सरपंच ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पहले महिला को छांव पर ले गये और संजीवनी एक्सप्रेस 108 को फोन कर ईलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड के डूमाघाट के सरपंच यशवंत मरकाम को पता चला कि एक महिलाा खेत में बेहोशी की हालत मे पड़ा है और उन्होने अन्य ग्रामीणों के साथ उक्त महिला को खेत से उठाकर छांव में लाया और पानी पिलाया और 108 को तुरंत फोन करके बुलाया और हॉस्पिटल अमलीपदर भेजा गया और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

